भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

icmr
INDIAN COUNCIL OF MEDICAL RESEARCH
Serving the nation since 1911

Indian Council of Medical Research
Department of Health Research, Ministry of Health and Family Welfare, Government of India

क्रमांक 16/82/2023-प्रशासन/ई.164228 **दिनांक: 10/06/2026**

कार्यालय ज्ञापन

विषय: खुली जगहों पर रखे हुए कार्यालय के रिकॉर्ड/अलमारियों की तत्काल पहचान, जांच और प्रबंधन के संबंध में।

दिनांक 04.06.2026 को परिषद मुख्यालय के विभिन्न प्रभागों और अनुभागों के निरीक्षण के दौरान, यह देखा गया कि बहुत सी अलमारियाँ परिषद मुख्यालय परिसर के भवन की छत और कॉरिडोर में विभिन्न स्थानों पर रखी हुई हैं,जिससे आसपास का वातावरण खराब दिख रहा है। इनमें से कुछ अलमारियां काफी जगह घेर रही हैं और खुली जगह में रखे होने के कारण बारिश और अन्य मौसमी स्थितियों का प्रभाव पड़ रहा हैं, परिणामस्वरुप इनके खराब होने और नष्ट होने का खतरा है। परिषद के सक्षम प्राधिकारी ने इस अति कुप्रबंधन और आधिकारिक रिकॉर्ड की सुरक्षा से जुड़े जोखिम पर कड़ी नाराजगी जताई है।

2. उपर्युक्त बातों को ध्यान में रखते हुए, सभी प्रभाग प्रमुखों से अनुरोध है कि वे रिकॉर्ड को बनाए रखने की समय-सारणी के अनुसार पुराने रिकॉर्ड की व्यापक रुप से समीक्षा करें और यदि अपेक्षित हो, तो अलमारियों को आईसीएमआर-एनआईएमआर, द्वारका, नई दिल्ली में भेजा जाए, वहाँ इस उद्देश्य के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध करवाया गया है।

3. उपर्युक्त सुझावात्मक कदमों का अनुपालन प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और इसकी रिपोर्ट अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत की जाए।

यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

-हस्त-
(जयबीर सिंह)
सहायक महानिदेशक (प्रशा)

प्रतिलिपि:

1. परिषद के महानिदेशक/अपर महानिदेशक/वरिष्ठ उप महानिदेशक (प्रशा.)/वरिष्ठ वित्त सलाहकार, के निजी सचिव।
2. सभी प्रभागों के प्रभाग प्रमुख।
3. उपमहानिदेशक(प्रशा.)/सहा. महानिदेशक,(दोनों)।
4. डॉ. एम.एस. चालगा, वैज्ञानिक-डी, अनुरोध है कि इसे परिषद की वेबसाइट पर अपलोड करें।

वी. रामलिंगस्वामी भवन, पोस्ट बॉक्स नं. 4911, अंसारी नगर, नई दिल्ली - 110 029, भारत
V. Ramalingaswami Bhawan, P.O. Box No. 4911, Ansari Nagar, New Delhi - 110 029, India
Tel: +91-11-26588895 / 26588980 / 26589794
+91-11-26589336 / 26588707
Fax: +91-11-26588662 | icmr.nic.in